| 2. | **(Loan Account No. LNMEIN3000122927 (Old) 80300005750749 (New) (INDORE Branch) Ganga Prasad Meena (Borrower) Manju Wo Gangaprasad (Co-Borrower)** | **04.08.2026 Rs. 23,46,015/- (As on 01.08.2026)** | "All that piece and parcel of property having land and building bearing: Land and Buillding being House No. 10, land area admeasuring 3875 Sq. Ft. (360.13 Sq. Mts.), PH No. 25, Ward No. 12, Gram Burut, Tehsil Satwas, District Dewas Madhya Pradesh - 455440, Boundaries of Property:- North - Gopal S/o Laxminarayan, South - Narayan S/o Narmada Prasad, East - Road, West - Road" |
| 3. | **(Loan Account No. LNMEKHA000061432 (Old) 80400005859387 (New) (KHARGONE Branch) Lakhan Gehlot (Borrower) Laluram Gehlot, Geeta Gehlot Alias Geeta Bai (Co-Borrower)** | **04.08.2026 Rs. 45,39,582.01/- (As on 01.08.2026)** | "All that piece and parcel of property having land and building bearing: Land area admeasuring 2016 Sq. Ft. (187.36 Sq. Mtrs.), bearing Patwari Halka No.25/68, situated at Gram - Nagalwadi Bujurg, Tehsil - Rajpur, District - Barwani, Madhya Pradesh - 451449. Boundaries of Property:- North - House of Dudaji S/o. Mr. Kishanji, South - House of Bhikaji S/o. Nainaji, East - Common Road, West - House of Rajaram S/o. Bashiya" |
| 4. | **(Loan Account No. LNMEIN3000103085 (Old) 80300005747093 (New) (INDORE Branch) Nitesh Sharma (Borrower) Pallavi Joshi, Roopesh Sharma, Traptii Sharma (Co-Borrower)** | **05.08.2026 Rs. 22,08,468/- (As on 01.08.2026)** | "All that piece and parcel of property having land and building bearing: House No. 150, Land area admeasuring 2037 Sq. Ft., i.e., 189.31 Sq. Mts., Ward No. 02, Maharana Pratap Ward, PH No. 57, Bhawani Mata Chowk, Gram Padaliya Khurd, Tehsil Maheshwar, District Khargone (West Nimar), Madhya Pradesh 451220, Boundaries of Property:- North - Common Road, South - Common Road, East - House of Krishna Rao Dongre, West - Property of Roopesh and Abhishek Sharma" |
| 5. | **(Loan Account No. LNMESHU000038508 (Old) 80400005924801 (New) (SHUJALPUR Branch) Parag Singh Gahalauta (Borrower) Rakhi Gehlot, Umadevi Gahalauta, Mohan Singh Gehalaut, Raj Singh Gahalauta & Sharda Gahalauta (Co-Borrower)** | **05.08.2026 Rs. 24,02,148/- (As on 01.08.2026)** | **"PROPERTY NO. 1** House No. 317/1, Area Admeasuring 600 sq. Ft, Ward No. 11 (New) Ward No. 10 (Old), Landmark Near Park, Brahmapuri Colony, Tehsil Shujalpur Mandi, District Shajapur, Madhya Pradesh- 465333, Bounded as follows: North: Public Way, South: Plot No. B, East: Free Land, West: Way **PROPERTY NO. 2** All that Piece and Parcel of Land and Building being House No. 317/1, Area Admeasuring 600 sq. Ft, Ward No. 11 (New) Ward No. 10 (Old), Landmark Near Park, Brahmapuri Colony, Tehsil Shujalpur Mandi, District Shajapur, Madhya Pradesh 465333. Bounded as follows: East By: Land of Brahmpuri Colony, West By: Public Way, North By: Land of Seller Shyamala Verma, South By: House of Malviya Ji, Total Area: 1200 Sq. Ft." |
| 6. | **(Loan Account No. LNMEAAR000056744 (Old) 80400005480788 (New) (AGAR MALWA Branch) Pawan Ratdiya (Borrower) Pooja Patidar (Co-Borrower)** | **05.08.2026 Rs. 21,22,998/- (As on 01.08.2026)** | "All that piece and parcel of property having land and building bearing: Plot No. 30, Panchmurti Nagar, Sector C, Land Area Admeasuring 600 Sq. Ft, i.e., 55.77 Sq. Mts, Tehsil and District Indore, Madhya Pradesh 452001, Boundaries of Property:- North - Plot No. 472, South - Road, East - Plot No. 50, West - Road" |
| 7. | **(Loan Account No. LNMEIN3000114077 (Old) 80300005749099 (New) (INDORE Branch) Sheikh Ahmad (Borrower) Sheikh Mohammad Siddique, Jameela Bee Wo Mohammed Siddiki (Co-Borrower)** | **07.08.2026 Rs. 61,93,379/- (As on 01.08.2026)** | "All that piece and parcel of property having land and building bearing: Plot/House Mu. Pa. House No. 27/2 (Old No. 36 & 27), Gafur Khan Ki Bajariya, Main Road, Tehsil & District , Indore Madhya Pradesh-452002, Admeasuring: 991 Sq. Ft. Boundaries of Property:- North - Rasta, South - Road, East - New Plot No. 37 of Mr. Kamal, West - Property of Nisar Khan" |
| 8. | **(Loan Account No. 80400018175506 (Khargone Branch) Late Sanjay Maharu Tirmale (Borrower) Jyoti Sanjay Tirmale (Co-Borrower)** | **06.08.2026 Rs. 26,66,700.98/- (As on 01.08.2026)** | "All that piece and parcel of property having land and building bearing: Plot/House No.253/1, Measuring 450 Sq.ft, Patwari Halka No.12, Gram Chachariya Pati, Tehsil Sendhwa & Dist. Barwani, Sendhwa Indore, Madhya Pradesh 452001. Boundaries of Property:- North - Road, South - House of Kailash Malviya, East - House of Pannalal Radho, West - House of Shantikala Himmat" |

If the said Borrowers shall fail to make payment to CGCL as aforesaid, CGCL shall proceed against the above secured assets under Section 13(4) of the Act and the applicable Rules, entirely at the risks of the said Borrowers as to the costs and consequences. The said Borrowers are prohibited under the Act from transferring the aforesaid assets, whether by way of sale, lease or otherwise without the prior written consent of CGCL. Any person who contravenes or abets contravention of the provisions of the said Actor Rules made the reunder, shall be liable for imprisonment and/or penalty as provided under the Act.

**Place : Khargone, Dewas, Barwani, Shujalpur, Indore** **Sd/- (Authorised Officer)**
**Date : 23/08/2026** **For Capri Global Capital Limited (CGCL)**

## एक नजर

### निगम में अफसरों की तकरार,एएचओ ने एचओ को धमकाया

भोपाल,(निप्र)। भोपाल नगर निगम में अफसरों के बीच विवाद का मामला सामने आया है। निगम मुख्यालय में बैठक के बाद जोन-9 नरेला विधानसभा के एचओ सुमंदर शर्मा और एएचओ बलवीर मलिक के बीच बहस हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि एएचओ बलवीर मलिक ने एचओ को धमकी दी और जूता मारने की कोशिश की। हालांकि, मौके पर मौजूद साथी अधिकारी ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में दोनों अधिकारियों के बीच तीखी बहस होती दिखाई दे रही है। बताया जा रहा है कि बहस के दौरान एएचओ ने अपनी जीप में रखा इस्तीफा दिखाते हुए कहा कि वह इस्तीफा साथ रखते हैं। हालांकि, दोनों अधिकारियों के बीच विवाद किस बात को लेकर शुरू हुआ, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। वीडियो वायरल होने के बाद नगर निगम में अनुशासन और अधिकारियों के व्यवहार को लेकर सवाल उठ रहे हैं। अब मामले में निगम प्रशासन की प्रतिक्रिया का इंतजार है।

### मप्र में मौसम का डबल अटैक 16 जिलों में भारी बारिश अलर्ट

**भोपाल,(निप्र)।** मध्यप्रदेश में मौसम का मिलाजुला असर देखने को मिल रहा है। प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बादल छाए हुए हैं, लेकिन बारिश का दौर कमजोर बंना हुआ है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे में 16 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। सिवनी और बालाघाट में करीब 8 इंच तक बारिश होने का अनुमान है। साथ ही कई जिलों में गरज-चमक के साथ 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। पिछले 24 घंटे में सतना में 159 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। प्रदेश में 1 जून से 19 अगस्त तक औसत बारिश से करीब 11 फीसदी कमी बनी हुई है। पूर्वी मध्यप्रदेश में 10 और पश्चिमी हिस्से में 12 फीसदी कम बारिश रिकॉर्ड हुई है। 23 अगस्त तक सिवनी, बालाघाट, विदिशा, रायसेन, नर्मदापुरम, छिंदवाड़ा, पन्ना, दमोह, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी समेत कई जिलों में भारी बारिश की संभावना है। वहीं भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर, ग्वालियर समेत अन्य जिलों में गरज-चमक और तेज हवाओं का अलर्ट है। 24 अगस्त तक भी रायसेन, नर्मदापुरम, सीधी, डिंडोरी, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, बालाघाट, छतरपुर, टीकमगढ़ और पांढु र्णा समेत कई जिलों में भारी बारिश का दौर जारी रह सकता है।

### सड़क हादसे रोकने और पीड़ितों को समय पर मदद देने पर जोर

भोपाल,(निप्र)। भोपाल में पुलिस परिवहन शोध संस्थान (पीटीआरआई) में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और सुरक्षित वाहन संचालन को लेकर दो दिवसीय प्रशिक्ष ण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। 20 और 21 अगस्त को आयोजित सुरक्षित वाहन चालन कोर्स में निरीक्षक से लेकर आरक्षक चालक स्तर के पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने हिस्सा लिया।

## सीएम ने दिया निवेशकों को न्योता

# चुनौतियों को अवसर में बदलकर एमपी बना सबसे तेज प्रगति करने वाला राज्य:डॉ. यादव




**भोपाल,(निप्र)।** मध्यप्रदेश अब अपनी पुरानी पहचान से निकलकर विकास और निवेश के नए दौर में प्रवेश कर चुका है। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने नई दिल्ली में आयोजित द इकॉनॉमिक टाइम्स वर्ल्ड लीडर्स फोरम-2026 में कहा कि कभी बीमारू प्रदेश के रूप में पहचाने जाने वाले मध्यप्रदेश ने चुनौतियों को अवसर में बदलकर तेज गति से विकास करने वाले राज्यों में अपनी जगह बनाई है।

मुख्यमंत्री ने फोरम के मध्यप्रदेश सत्र में फायरसाइड चैट ऑन एमपी अनलॉकिंग द हार्ट ऑफ इंडिया विषय पर निवेशकों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आजादी का अमृतकाल चल रहा है और देश के विकास में सभी राज्यों की महत्वपूर्ण भूमिका है। मध्यप्रदेश भी इस यात्रा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने देश-विदेश के निवेशकों से मध्यप्रदेश में निवेश करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश असीम संभावनाओं और अवसरों वाला प्रदेश है। यहां आने वाला निवेशक कभी निराश नहीं होगा। उन्होंने कहा कि सरकार उद्योगों के लिए अनुकूल नीतियां, बेहतर अधोसंरचना और आसान प्रक्रियाएं उपलब्ध करा रही है। निवेशक मध्यप्रदेश आएं, उद्योग स्थापित करें और अपने व्यापार को कई गुना बढ़ाने के साथ प्रदेश की आर्थिक प्रगति में भागीदार बनें। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट और अलग-अलग क्षेत्रों में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के माध्यम से निवेशकों का भरोसा बढ़ा है।

#### ग्रीन मैन्युफैक्चरिंग हब बनने की तैयारी

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश स्वच्छ ऊर्जा आधारित औद्योगिक विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। राज्य में सौर और पवन ऊर्जा की बड़ी संभावनाएं हैं, जिनका उपयोग ग्रीन मैन्युफैक्चरिंग हब विकसित करने में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उद्योगों के लिए पर्याप्त ऊर्जा, जमीन और जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इससे भविष्य में मध्यप्रदेश पर्यावरण अनुकूल उद्योगों के लिए प्रमुख केंद्र बन सकता है।

#### सेमीकंडक्टर से डेटा सेंटर तक निवेश के अवसर

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में टेक्सटाइल, गारमेंट, फार्मास्यूटिकल्स, ऑटोमोबाइल, इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स, सेमीकंडक्टर, डेटा सेंटर, खाद्य प्रसंस्करण और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में निवेश की अपार संभावनाएं हैं। राज्य में विकसित किए जा रहे आधुनिक औद्योगिक पार्क इन क्षेत्रों के निवेशकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए तैयार किए जा रहे हैं। सरकार एमएसएमई, स्टार्टअप और बड़े उद्योगों के लिए ऐसा वातावरण बना रही है, जहां स्थानीय संसाधनों के साथ वैश्विक बाजारों का लाभ उठाया जा सके।

#### ईज ऑफ डूइंग बिजनेस पर सरकार का फोकस

मुख्यमंत्री ने कहा कि निवेशकों के लिए सिंगल विंडो सिस्टम, डिजिटल प्रक्रियाएं और समयबद्ध अनुमति व्यवस्था को मजबूत किया गया है। सरकार का उद्देश्य निवेशकों के लिए प्रक्रियाओं को आसान बनाना और परियोजनाओं को तेजी से जमीन पर उतारना है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश निवेशकों को केवल व्यापार का स्थान नहीं, बल्कि विकास के दीर्घकालिक साझेदार के रूप में देखता है।

#### कनेक्टिविटी और निर्यात को मिलेगा बढ़ावा

मुख्यमंत्री ने मध्यप्रदेश की भौगोलिक स्थिति को राज्य की बड़ी ताकत बताया। उन्होंने कहा कि सड़क, रेल और हवाई संपर्क के विस्तार से प्रदेश देश के प्रमुख बाजारों से बेहतर तरीके से जुड़ रहा है। बेहतर लॉजिस्टिक्स के कारण मध्यप्रदेश में बनने वाले उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंचाने में आसानी होगी। सरकार निर्यात क्षमता बढ़ाने पर भी विशेष ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश अब केवल कृषि और प्राकृतिक संसाधनों के लिए नहीं, बल्कि उद्योग, टेक्नोलॉजी, नवाचार और वैश्विक निवेश के नए केंद्र के रूप में अपनी पहचान बना रहा है। मुख्यमंत्री ने निवेशकों से अपील करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश उनके उद्योग, निवेश और सपनों के लिए तैयार है। सरकार के सहयोग से प्रदेश में विकास और समृद्धि का नया अध्याय लिखा जाएगा।

# किसान अपनी फार्मर आईडी जरूर बनवाएं :मुख्यमंत्री

## फार्मर आईडी बनाने का अभियान जारी

**भोपाल,(निप्र)।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में फार्मर आईडी बनवाने का अभियान 20 अगस्त से शुरू किया गया है। किसानों को अब न कहीं भटकना होगा और न ही लंबी लाइनों में लगना होगा। शासकीय दल खुद किसानों के पास जाकर उनकी फार्मर आईडी बनवाएंगे। मुख्यमंत्री ने सभी किसानों से अपनी फार्मर आईडी जरूर बनवाने की अपील की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को नई दिल्ली से शिवपुरी जिले की कृषि उपज मंडी, पिपरसमा में हुए बलराम कृषि महोत्सव को वर्च्युअली संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने किसानों से कहा कि अब खाद के लिए किसानों को चिंता करने की जरूरत नहीं है। पैसे की कमी हमारे किसी भी किसान के आड़े न आए, इसके लिए हमारी सरकार ने शून्य प्रतिशत ब्याज पर अग्रिम खाद उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम किसान के माथे पर चिंता की एक भी लकीर नहीं आने देंगे। शिवपुरी जिले के किसानों की मेहनत से उपजी मूंगफली का डंका पूरे देश में बज रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे सिर्फ पारम्परिक फसलों तक ही सीमित न रहे, बागवानी, डेयरी फार्मिंग, मत्स्य पालन और पशुपालन जैसे आमदनी वाले अन्य क्षेत्रों को भी अपनाएं। उन्होंने कहा कि सरकार हमेशा किसानों के साथ है। हम सब मिलकर शिवपुरी जिले को कृषि का सिरमौर बनाएंगे।

मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि शिव की नगरी शिवपुरी जिले में केन-बेतवा-पार्वती-सिंध-महुआ नदियों से पंचामृत की तरह आपके खेतों को जल मिल रहा है। उन्होंने शहीद तात्या टोपे के बलिदान को भी याद करते हुए कहा कि बलराम जयंती महोत्सव वास्तव में किसानों के स्वाभिमान का एक अद्भुत पर्व है। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि किसानों के लिए सरकार द्वारा कई कल्याणकारी योजना चलाई जा रही हैं। जिससे कृषि क्षेत्र में उनको मुनाफा मिले। उन्होंने कहा कि किसानों को पहले ऋण की राशि 31 मार्च तक जमा करनी होती थी, अब उससे निजात मिलेगी। किसान अब ऋण की राशि 1 वर्ष में कभी भी चुका सकता है। इसके लिए अब 31 मार्च की समय-सीमा समाप्त कर दी गई है।

## हरिशंकर परसाई की जयंती पर किया नमन

**भोपाल,(निप्र)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश के गौरव, हिंदी साहित्य के प्रसिद्ध लेखक एवं व्यंग्यकार स्व. हरिशंकर परसाई की जयंती पर उन्हें नमन किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ह्यएक्सह्ल पर कहा कि ह्यभोलाराम का जीवह्ल, ह्यसदाचार का ताबीजह्ल और ह्यठिठुरता हुआ गणतंत्रह्ल जैसी कालजयी रचनाओं के माध्यम से स्व. परसाई ने समाज की विसंगतियों, रूढ़ियों और पाखंड पर तीखा प्रहार किया। उनकी निर्भीक लेखनी आज भी समाज को सजग दृष्टि, आत्ममंथन और सत्य के पक्ष में खड़े होने की प्रेरणा देती है। उल्लेखनीय है कि स्वर्गीय हरिशंकर परसाई का जन्म 22 अगस्त 1924 को नर्मदापुरम जिले में हुआ था।

## रानाडे की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**भोपाल,(निप्र)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विवेकानंद शिला स्मारक के शिल्पकार एवं प्रखर राष्ट्रचिंतक स्व.एकनाथ रानाडे की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी है। मुख्यमत्री डॉ. यादव ने ह्यएक्सह्ल पर कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने तथा राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित स्व. रानाडे का जीवन सेवा, संगठन और संकल्प का एक प्रेरक उदाहरण है।

## विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम

# विद्यार्थियों को अधिकारों, कर्तव्यों एवं कानून की दी जानकारी

विदिशा,(निप्र)। जन सुरक्षा युवा सृजन संवाद मैं, मेरे अधिकार और मेरी जिम्मेदारियां अभियान के अंतर्गत जिले के चयनित विद्यालय शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सांदीपनी विद्यालय, बरईपुरा विदिशा में जागरूकता एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना के निर्देशन, पुलिस अधीक्षक विदिशा रोहित काशवानी के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मोनिका तिवारी के नेतृत्व में आयोजित किया गया। एसडीओपी गंजबासौदा श्रीमती शिखा भलावी ने कक्षा 11वीं एवं 12वीं के छात्र-छात्राओं से संवाद करते हुए कानून की मूलभूत जानकारी के साथ महिला सुरक्षा, बाल अधिकार, साइबर अपराधों से बचाव, सड़क सुरक्षा, नशे से दूरी तथा संविधान प्रदत्त अधिकारों एवं कर्तव्यों के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी।उन्होंने विद्यार्थियों को कानून का सम्मान करने, डिजिटल माध्यमों का सुरक्षित एवं जिम्मेदार उपयोग करने, नशे से दूर रहने तथा महिलाओं एवं बच्चों के प्रति संवेदनशील व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही सकारात्मक सोच के साथ समाज में जागरूक एवं जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाने का आह्वान किया।

**डायल-112 की कार्यप्रणाली से कराया परिचित**-कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को डायल-112 की भूमिका एवं कार्यप्रणाली की जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि आपातकालीन स्थिति, दुर्घटना, अपराध अथवा अन्य आवश्यक परिस्थितियों में डायल-112 के माध्यम से त्वरित पुलिस सहायता प्राप्त की जा सकती है। साथ ही पुलिस रिस्पांस सिस्टम एवं नागरिक सुरक्षा में आपातकालीन सेवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका से भी अवगत कराया गया।

**सड़क सुरक्षा एवं ट्रैफिक नियमों के प्रति किया जागरूक**-कार्यक्रम के दौरान सूबेदार मेघा शर्मा ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के महत्व की जानकारी देते हुए यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया ।

**क्विज एवं संवाद के माध्यम से विद्यार्थियों की सहभागिता**-कार्यक्रम में विद्यार्थियों के लिए प्रश्नोत्तरी (क्विज) का आयोजन किया गया तथा सड़क सुरक्षा, साइबर सुरक्षा, महिला सुरक्षा, बाल अधिकार, नशा मुक्ति एवं कानूनी जागरूकता जैसे विषयों पर संवादात्मक चर्चा की गई।

# समृद्ध मध्यप्रदेश 2047 पर कॉन्क्लेव मुख्यमंत्री कल करेंगे शुभारंभ

भोपाल,(निप्र)। भोपाल में 24 अगस्त को कंट्रीब्यूशन ऑफ सेंट्रली फंडेड इंस्टीट्यूशंस फॉर समृद्ध मध्यप्रदेश @2047 विषय पर राज्यस्तरीय कॉन्क्लेव का आयोजन किया जाएगा। अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान की ओर से आयोजित यह एक दिवसीय कार्यक्रम कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में होगा। कॉन्क्लेव का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव सुबह 11 बजे करेंगे। कार्यक्रम की थीम वन इंस्टीट्यूटझ्वन प्रॉमिस रखी गई है। इसमें केंद्रीय संस्थानों की शोध क्षमता, तकनीकी विशेषज्ञता, आधुनिक अधोसंरचना और मानव संसाधन को मध्यप्रदेश की विकास प्राथमिकताओं से जोड़ने पर मंथन होगा। कार्यक्रम में मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल समृद्ध मध्यप्रदेश 2047 पर मुख्य वक्तव्य देंगे। वहीं सुशासन संस्थान के उपाध्यक्ष प्रो. राजीव दीक्षित विशेष संबोधन करेंगे। मुख्य वैज्ञानिक सलाहकार प्रो. संतोष कुमार विश्वकर्मा कॉन्क्लेव की पृष्ठभूमि और उद्देश्य पर प्रकाश डालेंगे। कॉन्क्लेव के दूसरे सत्र में इन्क्लूसिव इकोनॉमिक ग्रोथ एंड सोशल इंपावरमेंट फॉर समृद्ध मध्यप्रदेश 2047 विषय पर चर्चा होगी। इस आयोजन का उद्देश्य केंद्रीय संस्थानों और राज्य सरकार के बीच मजबूत साझेदारी विकसित करना है, ताकि शोध और नवाचार के जरिए मध्यप्रदेश के विकास को नई गति दी जा सके।



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे.पी. नड्डा से उनके निवास स्थान पर भेंट की। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने नड्डा के स्वास्थ्य की जानकारी ली और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

**Change in Name**

I MOUSAM Here by Declare That I have changed My name as MOUSAM GURJAR S/O ASHOK so, from now and In future I will be known by my new name.

MOUSAM GURJAR
S/O ASHOK
Add:804, SATELLITE JUNCTION KELOD HALA DEWAS NAKA, INDORE(M.P.)453771

**महालक्ष्मी साख सहकारीता संस्था मर्यादित, निसरपुर**
कार्यालय - वाणिज्य संकुल निसरपुर
पंजीयन कंमाक JR/IDR/1425 दिनांक 08.01.2014
**वार्षिक आमसभा सूचना**

संस्था के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की वार्षिक साधारण सभा दिनांक 31.08.2026 वार सोमवार को दिन के 12:00 बजे संस्था कार्यालय निसरपुर पर किया जाना सुनिश्चित किया गया है। जिसमे आपकी उपस्थिति प्राथनीय है। कोरम के अभाव में बैठक आधा घण्टा स्थगित कि जा कर पुनः उसी स्थान पर आरम्भ की जावेगी। यदि किसी सदस्य को सूचना मिली नही हो. तो इस प्रकाशन को सूचना मानकर सभा में उपस्थित होने का कष्ट करे।

प्रबंधक
महालक्ष्मी साख सहकारीता संस्था मर्यादित निसरपुर
तेह. कुक्षी जि. धार

# 3 फीट गहरी नदी पार कर स्कूल जाते हैं बच्चे



**विदिशा,(निप्र)।** लटेरी तहसील से करीब 27 किमी दूर भीलाखेड़ी खुर्द गांव में सड़क और पुल नहीं है। आजादी के 79 साल बाद भी ग्रामीणों को गांव से बाहर जाने के लिए करीब 200 फीट चौड़ी भरका नदी पार करनी पड़ती है। सबसे ज्यादा परेशानी बच्चों को होती है। गांव के करीब 15 से 20 बच्चे रोज नदी पार कर स्कूल जाते हैं। कभी उनके परिजन तो कभी शिक्षक उन्हें नदी पार कराते हैं। नदी के दूसरी तरफ प्राथमिक स्कूल है। इसलिए बच्चों के पास जाने का यही रास्ता है। नदी पार करते समय कई बार उनके बैग पानी में गिर जाते हैं। किताबें भीग जाती हैं।

दरअसल, भरका नदी 2 नदियों के मिलने से बनी है। सामान्य दिनों में इसमें दो से तीन फीट पानी रहता है। बारिश में जंगल और आसपास के इलाकों से पानी आने पर जलस्तर बढ़ जाता है। इस बारिश में नदी करीब चार बार उफान पर आ चुकी है। पानी करीब 6 से 7 घंटे में उतरता है। तब तक ग्रामीण गांव से बाहर नहीं निकल पाते। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में दोपहिया और चार पहिया वाहन भी नहीं पहुंच सकते। ग्रामीण अपने वाहन नदी के दूसरे किनारे खड़े करते हैं। इसके बाद पैदल नदी पार कर गांव जाते हैं। बीमार लोगों को भी इसी रास्ते से ले जाना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि दो दिन पहले एक गर्भवती महिला की तबीयत बिगड़ गई थी। चार युवकों ने उसे कंधे पर उठाया। इसके बाद नदी पार कर अस्पताल पहुंचाया गया। ग्रामीणों का कहना है कि वे सड़क और पुल के लिए कई बार जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से मांग कर चुके हैं। अब तक स्थायी समाधान नहीं हुआ है।

## विद्यालय में सीनियर और जूनियर केबिनेट का गठन




**आष्टा,(निप्र)।** मार्टिनेट विद्यालय में सीनियर और जूनियर केबिनेट के पदाधिकारियों को चुनकर केबिनेट का गठन किया गया था और इनको पद तथा कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाने के लिये समारोह हुआ जिसमें पधारे हुये मुख्य अतिथि महोदय राजेश शर्मा (एस.डी.ओ. फोरेस्ट) द्वारा केबिनेट में चुने गये विद्यार्थियों को पद एवं कर्तव्य निष्ठा की शपथ दिलाई गई आयोजन मे विशेष अतिथि के रूप मे आष्टा रेंजर नवनीत कुमार झा, डिप्टी रेंजर विनय की सम्मानीय उपस्थिति रही। इस अवसर पर नवनीत कुमार झा द्वारा विद्यार्थियों को प्रेरणादायी उद्बोधन द्वारा संबोधित भी किया गया। सर्वप्रथम समस्त अतिथियों एवं विद्यालय के संचालक नोशे खान, प्रबंधक विनीत कुमार त्रिवेदी एवं प्राचार्य श्रीमती प्रीति त्रिवेदी द्वारा आयोजन का शुभारंभ किया गया ।

**फॉर्म-ए**
**सार्वजनिक घोषणा**
(भारतीय दिवाला एवं शोधन अक्षमता बोर्ड
(कॉर्पोरेट व्यक्तियों हेतु दिवाला समाधान प्रक्रिया) विनियमावली, 2016 के विनियम 6 के अधीन)
**सेटिएट एग्री लिमिटेड के लेनदार के ध्यानार्थ हेतु**

**प्रासंगिक विवरण**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कॉर्पोरेट देनदार का नाम | **सेटिएट एग्री लिमिटेड** |
| 2. | कॉर्पोरेट देनदार के गठन की तिथि | 31/12/1986 |
| 3. | प्राधिकरण जिसके अधीन कॉर्पोरेट देनदार गठित/ पंजीकृत है | कम्पनी रजिस्ट्रार, ग्वालियर |
| 4. | कॉर्पोरेट पहचान संख्या / कॉर्पोरेट देनदार की सीमित देयता पहचान सं. | L24111MP1986PLC003741 |
| 5. | कॉर्पोरेट देनदार के पंजीकरण कार्यालय तथा प्रधान कार्यालय (यदि कोई) का पता | 31 स्नेह नगर, एफ. नं. 18 वात्सलय चौंबर, इंदौर जी.पी.ओ., इंदौर, मध्य प्रदेश, 452001 |
| 6. | कॉर्पोरेट देनदार के सम्बन्ध में दिवाला आरम्भ तिथि | 20/08/2026 |
| 7. | दिवाला समाधान प्रक्रिया समापन होने की अनुमानित तारीख | 16/02/2027 |
| 8. | अंतरिम रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल के रूप में कार्य करने वाले दिवालियापन पेशेवर का नाम और पंजीकरण संख्या | मैसर्स एमवीके आईपीई एलएलपी रजिस्ट्रेशन सं. IBBI/IPE-0134/IPA-1/2022-23/50028 |
| 9. | अंतरिम रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल का पता और ईमेल पता जो बोर्ड के पास पंजीकृत हो | पताः कार्यालय सं. 607ए, 12/2 चेतक सेंटर, आरएनटी मार्ग, इंदौर (एमपी) 452001 ईमेलः mvk@mvkirp.com |
| 10. | अंतरिम समाधान पेशेवर के साथ पत्राचार के लिए उपयोग किए जाने वाला पता और ई-मेल | पताः कार्यालय सं. 607ए, 12/2 चेतक सेंटर, आरएनटी मार्ग, इंदौर (एमपी) 452001 ईमेलः ip.satiate@gmail.com |
| 11. | दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 03/09/2026 |
| 12. | धारा 21 के उपधारा (6ए) के खंड (बी) के तहत अंतरिम रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल द्वारा लेनदारों की श्रेणियां, यदि कोई, सुनिश्चित की गई हो | सीमित जानकारी के आधार पर, आईबीसी, 2016 की धारा 21(ए)(बी) के तहत लेनदारों का कोई वर्ग नहीं है। |
| 13. | किसी श्रेणी में लेनदारों के अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने के लिए इन्सॉल्वेंसी प्रोफेशनल के नाम (प्रत्येक श्रेणी के लिए तीन नाम) | लागू नहीं |
| 14. | (क) प्रासंगिक फार्म और (ख) अधिकृत प्रतिनिधियों का विवरण यहां उपलब्ध है | (क) वेब लिंकः संबंधित फॉर्म यहां से डाउनलोड किया जा सकता है https://ibbi.gov.in//en/home/downloads (बी) भौतिक पताः लागू नहीं |

सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल, इंदौर बेंच ने आदेश संख्या सीपी(आईबी)/77(एमपी)2026 द्वारा 20/08/2026 को सेटिएट एग्री लिमिटेड की कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया प्रारंभ करने का आदेश दिया है।
सेटिएट एग्री लिमिटेड के लेनदारों को इसके द्वारा आवाह किया जाता है कि प्रविष्टि नं. 10 के सामने उल्लिखित पते पर अंतरिम रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल को **03/09/2026** तक या उससे पहले सबूत के साथ अपने दावें प्रस्तुत करे।
वित्तीय लेनदार अपने दावे प्रमाण के साथ केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से प्रस्तुत करेंगे। अन्य सभी लेनदार व्यक्तिगत रूप से, डाक द्वारा या इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से सबूत के साथ दावे प्रस्तुत कर सकते हैं।
प्रविष्टि सं. 12 के समक्ष सूचीबद्ध किसी वर्ग से संबंधित वित्तीय लेनदार, उस वर्ग के अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने हेतु प्रविष्टि सं. 13 के समक्ष सूचीबद्ध तीन दिवाला पेशेवरों में से अपनी पसंद के अधिकृत प्रतिनिधि का उल्लेख प्रपत्र सीए (Form CA) में करेगा। - लागू नहीं।
दावे के झूठे या भ्रामक सबूत जमा करने से जुर्माना लगाया जाएगा।

हस्ता/-
एमवीके आईपीई एलएलपी
(इसके नामित भागीदार श्री मंगेश वी. केकरे द्वारा प्रतिनिधित्व)
अंतरिम रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल
सेटिएट एग्री लिमिटेड
दिनांक: 23/08/2026 आईबीबीआई रजि. सं. IBBI/IPE-0134/IPA-1/2022-23/ 50028
स्थान: इंदौर एएफए 31.12.2026 तक वैधता

**कार्यालय नगर पालिक निगम, इन्दौर**

क्रमांक: 4026/कॉलोनी सेल/2026/इन्दौर
**सार्वजनिक सूचना**
दिनांक: 14.08.2026

**मध्य प्रदेश नगर पालिका (कॉलोनी विकास) नियम, 2021 के नियम 23(6) व (7) एवं 24(2) के अंतर्गत**

नगर पालिक निगम, इन्दौर द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका (कॉलोनी विकास) नियम, 2021 के प्रावधानों अंतर्गत दिनांक 31/12/2022 के पूर्व अस्तित्व में आयी अनाधिकृत कॉलोनियों में नागरिक अद्योसंरचना प्रदान किये जाने की कार्यवाही प्रारंभ करते हुए ग्राम मूसाखेडी स्थित सर्वे क्रमांक 7 पार्ट, 13, 14, 15, 16, 17, 18, 19, 21 पार्ट, 22 पार्ट रकबा 8610 वर्गमीटर भूमि पर स्थित नार्थ मूसाखेडी कॉलोनी में मध्यप्रदेश नगर पालिका (कॉलोनी विकास) नियम, 2021 के प्रावधान अनुसार नागरिक अद्योसंरचना प्रदान करने की कार्यवाही कर उक्त कॉलोनी के अभिन्यास को अंतिम रूप दिया गया है।

उक्त ग्राम मूसाखेडी तहसील व जिला इन्दौर की भूमि सर्वे क्रमांक 91/1 को नार्थ मूसाखेडी कॉलोनी में सम्मिलित कर नागरिक अद्योसंरचना प्रदान के संबंध में विभिन्न शासकीय विभागो से अभिमत/अनापत्ति प्राप्त की गई जिसके क्रम में वर्तमान में प्राप्त जानकारी के आधार पर पूर्व में तैयार नार्थ मूसाखेडी कॉलोनी के अंतिम रूप दिये गये अभिन्यास के साथ सर्वे क्रमांक 91/1 की भूमि पर स्थित भूखण्ड/भवनों को जोडने हेतु पृथक से संशोधित अभिन्यास तैयार किया गया है।

उपरोक्त अभिन्यास पर सार्वजनिक सूचना के उपरांत प्राप्त दावे-आपत्तियों का निराकरण करने के उपरांत अभिन्यास को तकनीकी समिति के दल द्वारा अंतिम रूप दिया गया जिस पर किये गये विकास शुल्क का अवलोकन कॉलोनी सेल, नगर पालिक निगम, इन्दौर में कार्यालयीन समय में किया जा सकता है।

ग्राम मूसाखेडी तहसील व जिला इन्दौर की भूमि सर्वे क्रमांक 91/1 नार्थ मूसाखेडी के भूखण्ड/भवनधारियों को सूचित किया जाता है, कि नार्थ मूसाखेडी सर्वे क्रमांक 91/1 के तैयार अभिन्यास में दर्शित भूखण्डधारी/भवनस्वामी को विकास शुल्क की राशि पंजीकृत भूखण्ड के कुल क्षेत्रफल हेतु आवश्यक विकास शुल्क राशि को अधिकतम पाँच वर्ष की अवधि के भीतर जमा कराना अनिवार्य है :-

| क्र. | झोन क्र. | वार्ड क्र. | कॉलोनी का नाम एवं ग्राम | सर्वे क्रमांक | कुल चिन्हित भूखण्डीय क्षेत्रफल (वर्गमीटर में) | प्राक्कलन अनुसार विकास शुल्क रूपये (प्रति वर्गमीटर) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | 18 | 52 | नार्थ मूसाखेडी ग्राम मूसाखेडी | 91/1 | 5215 | ₹380/- |

उपरोक्तानुसार नार्थ मूसाखेडी सर्वे क्रमांक 91/1 अनाधिकृत कॉलोनी के हितधारक एवं भवनस्वामी/भूखण्ड धारकों को सूचित किया जाता है, कि विकास शुल्क जमा कराने के उपरांत ही उपरोक्त अनाधिकृत कॉलोनियों के भूखण्ड/भवन पर नागरिक अद्योसंरचना प्राप्त किये जाने हेतु पात्र होगे एवं नियमानुसार भवन अनुज्ञा/जल संयोजन/विद्युत संयोजन की स्वीकृति निगम से प्राप्त करने हेतु पात्र होगे।

अतः समस्त भवन/भूखण्डस्वामी अपने भूखण्ड क्षेत्रफल के विकास शुल्क की राशि कॉलोनी सेल, नगर पालिक निगम, इन्दौर में शीघ्र जमा कराकर अपने भूखण्ड/भवन पर भवन अनुज्ञा/जल संयोजन/विद्युत संयोजन प्राप्त करे।

**आयुक्त एवं सक्षम प्राधिकारी द्वारा आदेशित।**

अपर आयुक्त
कॉलोनी सेल
नगर पालिक निगम, इन्दौर